**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 जनवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

- प्रगति तंत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं का समयबद्ध निर्माण संभव हुआ।
- राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा-कांग्रेस पार्टी **"विकसित भारत-जी राम जी"** योजना को लेकर भ्रम फैला रही है।
- पलवल से प्रयागराज के लिए माघ मेले के मद्देनज़र विशेष बस चलाई गई।
- हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने हरियाणा पुलिस में सिपाही के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की।
- आज पंजाब, हरियाणा और चण्डीगढ़ में लोहड़ी की धूम। दिनभर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

---

प्रगति तंत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2015 में शुरु किए गए प्रगति तंत्र से ही हरियाणा के झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का निर्माण पूरा करने में मदद मिली। हरियाणा में स्थित यह अस्पताल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समीक्षा के बाद सिर्फ तीन साल में बनकर तैयार हो गया। राष्ट्रीय स्तर के इस कैंसर अस्पताल में दिसंबर 2018 से ओ.पी.डी सेवाएं शुरू हो गई। यह अस्पताल हरियाणा ही नहीं दिल्ली व राजस्थान के लोगों को भी किफायती इलाज मुहैया करवा रहा है। झज्जर में बने देश के इस सबसे बड़े कैंसर संस्थान में प्रोटोन थैरेपी की भी व्यवस्था की गई है. यह ऐसी थैरेपी है जिसमें प्रोटोन बीम से मरीजों के कैंसर के ट्यूमर को नष्ट कर दिया जाता है। इसके लिए अस्पताल में अत्याधुनिक मशीन है और इलाज बहुत ही सस्ता है जबकि निजी अस्पतालों में इस मशीन से इलाज का खर्च 20 से 25 लाख रुपए तक है।

---

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी कानून हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को

पहले के 100 दिन के स्थान पर 125 दिन के वेतन वाली रोजगार की गारंटी देता है। नई दिल्ली में आज विकसित भारत जी-राम-जी पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह योजना बुवाई और कटाई के मौसम के दौरान कृषि मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कुल 60 दिनों की बिना काम की अवधि भी प्रदान करती है।

---

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी **विकसित भारत-जी राम जी** योजना को लेकर देश में भ्रम फैला रही है। जबकि इस में मनरेगा की कमियों को दूर करते हुए इसे पारदर्शी बनाया गया है। वे आज जींद में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस द्वारा योजना का नाम बदले जाने को लेकर किए जा रहे विरोध पर उन्होंने कहा -

श्री बराला ने कहा कि रोजगार के दिवस 100 से बढ़ा कर 125 कर दिए गए हैं। कॉंग्रेस के इस आरोप पर कि गांवों में रोजगार के अवसर पैदा नहीं होते श्री सुभाष बराला ने कहा -

उन्होने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पंचायतों को आधारभूत ढांचे के निर्माण की छूट दी गई है, ताकि गांवों का समग्र विकास हो सके। विपक्ष की मंशा पर सवाल उठाते हुए श्री बराला ने कहा, भाजपा की नीयत और नीति दोनों साफ हैं।

**************************************************************

**********

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट** newsonair.gov.in **पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल** Akashvani News Chandigarh **पर भी उपलब्ध हैं।**

**************************************************************

**********

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल बस अड्डे से प्रयागराज के लिए एक विशेष बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस

प्रयागराज में 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व तक आयोजित किए जा रहे माघ मेला के मद्देनजर चलाई गई है। श्री गौरव गौतम ने कहा -

उन्होंने कहा कि सीधी बस सुविधा मिलने से श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के माघ मेले में स्नान का लाभ उठा सकेंगे। श्री गौरव गौतम ने बताया कि माघ मेले के समापन तक यह विशेष बस पलवल बस अड्डे से प्रतिदिन सुबह 8 बजे चलेगी और मथुरा, आगरा, इटावा, कानपुर, फतेहपुर होते हुए रात्रि 8 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। पलवल से प्रयागराज का किराया 900 रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से लिया जाएगा। संगम स्थल प्रयागराज से बस की वापसी का समय सायं 5 बजे रहेगा।

************************************************************

**********

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने हाल ही में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की है। सरकार द्वारा कुल 5500 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिनमें से 4500 पद पुरुषों और 600 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं तथा 400 पद हरियाणा रेलवे पुलिस के लिए हैं। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने पुलिस विभाग की भर्ती प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न प्रश्नों एवं समस्याओं पर विस्तृत रूप से स्थिति स्पष्ट की है। आयु में छूट एवं आयु गणना को लेकर उन्होंने बताया -

शारीरिक परीक्षा में दौड़ से छूट को लेकर श्री हिम्मत सिंह ने स्पष्ट किया कि यह छूट केवल गर्भवती महिलाओं को दी जाएगी।

आरक्षण प्रमाण-पत्रों की वैधता को लेकर उन्होंने बताया -

************************************************************

**********

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा है कि आने वाले समय में पलवल जिले को खेलों का बड़ा हब बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर जिले में खेलों से जुड़ा मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार किया जाए। खेल राज्य

मंत्री आज पलवल में नेटबॉल फास्ट फाइव खेल प्रतियोगिताओं में सीनियर नेशनल और स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया -

******************************************************************

**********

आज पंजाब हरियाणा और चंडीगढ़ में लोहड़ी का त्योहार धूम धाम से मनाया जा रहा है।

लोहड़ी पर्व पर बाजारों में मुंगफली, रेवड़ी व लोहड़ी का अन्य समान खरीदने वालों की भीड़ रही। अंबाला जिले में लोहड़ी के उपलक्ष्य में विभिन्न संस्थानों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीएवी पब्लिक स्कूल नारायणगढ़ में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन का आयोजन किया गया। अंबाला जिला युवा विकास संगठन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम नडियाली में 35वें "लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम" महोत्सव एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 22 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक महिला सम्मान से नवाजा गया तथा 36 नव जन्मी कन्याओं के परिजनों को सम्मानित किया गया। कैथल के श्री गीता भवन मंदिर परिसर में भी पंजाबी वैल्फेयर सभा द्वारा पारंपरिक उल्लास के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया गया। चंडीगढ़ पंचकूला और मोहाली से भी लोहड़ी धूम धाम से मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

******************************************************************

**********